# स्कूल की बिल्डिंग जर्जर, हो सकती है दुर्घटना

**खास बातें**

- लगदा शासकीय हाई स्कूल में अव्यवस्थाओं का अंबार
- नहीं मिल रही सुविधायें, उपेक्षा की शिकार शाला



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 27 नवम्बर, लगदा शासकीय हाई स्कूल, जो त्योंदा तहसील मुख्यालय से मात्र 6 किलोमीटर दूर स्थित है. जिसमें छात्रों की सुरक्षा और शिक्षा के लिए आवश्यक सुविधाओं की घोर उपेक्षा की जा रही है.स्कूल की बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है और इसकी दीवारों और छत से प्लास्टर गिरना आम बात हो गई है. इससे कभी भी बड़ी घटना हो सकती है.**

स्कूल की बिल्डिंग की हालत इतनी खराब है कि छात्रों को अपनी जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करनी पड़ रही है. बिल्डिंग की दीवारों और छत से प्लास्टर गिरने की समस्या आम हो गई है. छात्रों ने बताया कि उन्हें डर के साए में स्कूल आना पड़ता है. क्योंकि कभी भी प्लास्टर गिरने से बड़ी घटना हो सकती है.

### नाली की समस्या बच्चों के लिए खतरा

स्कूल के बाहर नाली की समस्या भी गंभीर है.नाली पार करते समय बच्चों को काफी सावधानी बरतनी पड़ती है, क्योंकि एक छोटी सी चूक भी गंभीर चोट का कारण बन सकती है.

### स्कूल प्रशासन की लापरवाही

स्कूल प्रशासन की लापरवाही का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि स्कूल की बिल्डिंग की मरम्मत के लिए ठेकेदार से बात करने के बावजूद अभी तक कुछ नहीं हुआ है.प्रिंसिपल पी एस नामदेव का कहना है कि बिल्डिंग गारंटी पीरियड में है, लेकिन इसके बावजूद भी स्कूल प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता.वहीं स्कूल में बाथरूम की अव्यवस्था भी गंभीर समस्या है.बाथरूम के अंदर इतनी गंदगी है कि कोई अंदर नहीं जा सकता. बच्चों को बाथरूम के लिए बाहर जाना पड़ता है, जो उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए खतरनाक हो सकता है.

### भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा कार्रवाई की मांग

स्कूल की बिल्डिंग में अंदर और बाहर हर जगह भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा दिख रही है.जर्जर बिल्डिंग और अव्यवस्थाओं के बावजूद भी स्कूल प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से बच रहा है. इससे साफ होता है कि स्कूल के विकास के लिए आवंटित फंड का सही तरीके से उपयोग नहीं किया जा रहा है.लगदा शासकीय हाई स्कूल की अव्यवस्थाओं को दूर करने के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है.

स्कूल प्रशासन को स्कूल की बिल्डिंग की मरम्मत और अव्यवस्थाओं को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे.साथ ही भ्रष्टाचार की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनी होगी ताकि स्कूल के छात्रों को सुरक्षित और स्वस्थ शिक्षा प्रदान की जा सके.

# ब्राह्मण समाज व करणी सेना का फूटा गुस्सा

## एसडीएम को दो ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग



नवभारत न्यूज

**शमशाबाद 27 नवम्बर, ब्राह्मण समाज और करणी सेना का आक्रोश साफ दिखाई दिया. दोनों संगठनों के पदाधिकारी रैली की तरह एकत्र होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे और एसडीएम अजय प्रताप सिंह को दो ज्ञापन सौंपे.**

पहले ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आईएएस संतोष वर्मा ने ब्राह्मण समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की.समाजजन ने मौके पर ही कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि यदि किसी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा समाज विशेष पर टिप्पणी की जाती है, तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने इस पूरे प्रकरण की जांच और कार्रवाई की माँग पर जोर दिया.दूसरे ज्ञापन में गोहरगंज में 6 वर्ष की मासूम के साथ हुए कथित दुष्कर्म को लेकर समाजजन भड़क उठे। उन्होंने कहा कि घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। पदाधिकारियों ने दोषी को तत्काल गिरफ्तार करने और मामले को फास्ट ट्रैक में चलाने की मांग करते हुए कहा कि ऐसे अपराधियों को कठोर सजा ही समाज में संदेश दे सकती है.

एसडीएम ने ज्ञापन प्राप्त कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया.समाज के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने त्वरित कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा.इस अवसर पर करणी सेना अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह, सुन्दर सिंह राजपूत,रिंकू भार्गव, विशाल शर्मा,संजय शर्मा, कपिल स्वामी, कुलदीप शर्मा,शिव प्रसाद शर्मा, गौरव शर्मा,केशव शर्मा, सौरभ शर्मा,वीर सिंह राजपूत, जितेंद्र राजपूत,अंकित राजपूत पहलवान सिंह ,हरमोहन सिंह ,आशीष राजपूत ,विजय राजपूत ,अनुज बना, निखिल बना ,शुभम बना सागर बना ,यस बना ,अंशुल बन, कुलदीप बना ,राहुल बना सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे.

**एक नजर में**

### प्रेस क्लब अध्यक्ष के चाचा का निधन

नवभारत न्यूज

**पठारी,** तहसील के प्रेस क्लब अध्यक्ष नेतराम साहू के चाचा एवं मुकेश साहू नरेश साहू के पिताजी तुलसीराम साहू का लंबे समय से बीमारी के चलते निधन हो गया है उनके निधन पर गणमन नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक व्यक्त किया है.

### प्रशांत पालीवाल बने प्रदेश उपाध्यक्ष

नवभारत न्यूज



**सिरोंज,** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश तिवारी ने युवा नेता पं. प्रशांत पालीवाल को संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है. उनकी इस नियुक्ति पर उनके मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उनको बधाई देते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश तिवारी एवं प्रदेश प्रभारी महिला मोर्चा माया इंदु तिवारी सहित वरिष्ठ नेतृत्व का आभार जताया है.

### युवा ब्राह्मण विकास परिषद वर्मा का करेगी पुतला दहन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** युवा ब्राह्मण विकास परिषद के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष पंडित विवेक शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि हमारी बहन बेटियों के खिलाफ बोलने वाले घृणित और कुंठित मानसिकता के आईएएस संतोष वर्मा का 28 नवंबर शुक्रवार को पुतला दहन होगा.युवा ब्राह्मण विकास परिषद एवं हिंदू समाज व मातृशक्ति प्रात: 11 बजे ओवर ब्रिज के अंतिम छोर पर सिविल लाइन थाने के पास एकत्रित होंगे.

# एसआईआर में मतदाता को कोई दस्तावेज नहीं बस जानकारी की पुष्टि करना-तहसीलदार

नवभारत न्यूज

**पठारी,नगर में मतदाताओं का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर गांव गांव, घर घर चल रहा है.इसी अभियान की प्रगति कार्य देखने तहसीलदार अभिषेक पांडे ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया.**



नगर मे घर घर जाकर अभियान की रिपोर्ट ली. उन्होंने बताया इस महत्वपूर्ण अभियान मे जब बीएलओ आपके घर पहुंचेंगे, तब उनके पास आपकी सारी जानकारी होगी.लेकिन आपको उन सभी जानकारी की पुष्टि करनी होगी.इसका मतलब यह है कि सारी जानकारी का मिलान किया जाएगा. पत्रक में मतदाता का नाम, विधानसभा, क्यूआर कोड और पुरानी फोटो प्रिंट रहेगी. इसमें सिर्फ नई फोटो लगानी होगी. इसके अलावा कोई भी दस्तावेज नहीं देना होगा. बीएलओ आपके घर पहुंचकर प्रपत्र भरवाने का काम करेंगे.प्रक्रिया का यह पहला चरण 4 नवंबर से 4 दिसंबर मतलब एक महीने तक चलेगा.

### एसआईआर में ओटीपी नहीं जरूरी

एसआईआर-2026 के दौरान गणना पत्रक भरने के लिए बीएलओ या किसी भी अन्य अधिकारी द्वारा किसी भी माध्यम से ओटीपी मांगे जाने की आवश्यकता नहीं है. तहसीलदार अभिषेक पांडे ने मतदाताओं को सतर्क करते हुए बताया है कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में स्वयं, माता-पिता या दादा-दादी संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ अथवा नजदीकी हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं. इसके अलावा जानकारी ऑनलाइन भी प्राप्त की जा सकती है. उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि एसआईआर पत्रक भरते समय सुरक्षा उपायों का पालन करें.आधिकारिक सरकारी वेबसाइट पर ही एसआईआर भरें. ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें. एसआईआर की प्रक्रिया में निर्वाचन विभाग या किसी अधिकारी द्वारा फोन/मैसेज पर ओटीपी, आधार नंबर, मोबाइल नंबर आदि मांगना प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है. यदि कोई इस तरह की जानकारी मांगता है तो वह साइबर फ्रॉड कॉल हो सकता है.

# मासूम के साथ हुई वीभत्स घटना को लेकर सांची में फूटा आक्रोश

## क्षत्रिय महासभा व सर्वसमाज ने सौंपा ज्ञापन




नवभारत न्यूज

**सांची,गौहरगंज के पांजरा गांव में एक नन्ही बालिका के साथ हुई वीभत्स घटना और एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी द्वारा ब्राह्मण समाज की बालिकाओं पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में आज सांची नगर में क्षत्रिय महासभा, नगर का सर्वसमाज तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्राओं ने जोरदार प्रदर्शन किया.आक्रोशित नागरिकों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित दो अलग-अलग ज्ञापन नायब तहसीलदार ललित सक्सेना और थाना प्रभारी जे.पी. त्रिपाठी को सौंपते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की.**

जानकारी के अनुसार, विगत दिनों पांजरा गांव में सलमान नामक युवक ने एक मासूम बच्ची के साथ घिनौनी वारदात को अंजाम दिया और घटना के बाद फरार हो गया. इस घटना से क्षत्रिय महासभा सहित नगर के सर्वसमाज और छात्राओं में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया.इसी क्रम में आज बड़ी संख्या में लोगों ने एकजुट होकर रैली निकाली. रैली के दौरान आरोपी के विरुद्ध नारेबाजी की गई तथा थाना परिसर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी, फास्टट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाने तथा फांसी की सजा देने की मांग की गई है. साथ ही आरोपी के घर को बुलडोजर से जमींदोज करने की भी मांग रखी गई.इसके साथ ही ब्राह्मण समाज ने पूर्व अधिकारी द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी पर कड़ा विरोध जताते हुए सात दिवस के भीतर कठोर कार्रवाई की मांग की है। समाज ने कहा कि यदि नियत समय में कार्रवाई नहीं हुई तो थाने के बाहर धरना देने को बाध्य होंगे.घटना पर वरिष्ठ समाजसेवी कमलकिशोर पटेल ने कहा कि यह घटना दिल दहला देने वाली है, आरोपी को ऐसी सजा मिले जिससे अन्य अपराधियों में भय पैदा हो.राजबहादुर सिंह राणा ने कहा कि अपराधी को ऐसी कड़ी सजा दी जाए जो मिसाल बने.वरिष्ठ नेता जवाहर सिंह चौहान ने भी कठोर शब्दों में निंदा करते हुए सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की.पार्षद विवेक तिवारी, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, तथा सपा नेता सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी घटना को शर्मनाक बताते हुए न्याय की मांग की.नगरवासियों ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और व्यापक होगा.

### गुलाबगंज में भी सौंपा ज्ञापन

गुलाबगंज, रायसेन जिले के गौहरगंज क्षेत्र की 6 वर्ष की मासूम के साथ हुई घटना को लेकर गुरुवार को सकल हिंदू समाज व सनातन हिन्दू उत्सव समिति द्वारा गांधी चौक गुलाबगंज पर सुबह 11 बजे से धरना दिया गया धरना के बाद जुलूस के रूप में पैदल मार्च निकालकर तहसील कार्यालय जाकर मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया .जिसमे आरोपी को शीघ्र पकड़कर फांसी देने की मांग की गई है.ज्ञापन सौंपते समय सैकड़ों की संख्या में सकल हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे.

# सीआईआईटी कॉलेज में लगी फाइन आर्ट डिजाइन की प्रदर्शनी

नवभारत न्यूज

**विदिशा,स्थानीय सी आई आईटी कॉलेज विदिशा में फैशन डिज़ाइन और फाइन आर्ट्स के छात्र/ छात्राओं के द्वारा एक प्रदर्शिनी का आयोजन किया गया था जिसमे एक से बढ़ाकर कलाकृति प्रदर्शित हुई जिसमे फाइन आर्ट्स के छात्र छात्राओं ने एक से बढ़ाकर एक पेंटिंग को प्रदर्शित किया और भारत की सांस्कृतिक झलकियों और कलाकृतियों को पेंटिंग माध्यम से प्रदर्शित किया.**

इसी तरह फैशन डिज़ाइन के छात्र/ छात्राओं ने एक से बढ़ाकर एक नये डिज़ाइन के वस्त्रों की प्रदर्शिनी लगाई हैंड पेंटिंग , एम्ब्रॉइडरी से दर्शको का मनमोह लिया. रनिंग स्टिच, चेन स्टिच, सैटिन स्टिच एम्ब्रॉइडरी के वस्त्रो प्रदर्शिनी के मुख आकर्षण थे. इस प्रदर्शिनी का अनवारण प्राचार्य गंज बासोदा प्राचार्य टीटी जैन स्कूल द्वारा किया गया और इस प्रदर्शिनी से सबसे वेहतरीन पेंटिंग और वस्त्र चयन निर्णायक मण्डल ने किया.जिसमे पेंटिंग में प्रथम पुरस्कार मानवी द्वितीय पुरस्कार मयंक इसी प्रकार फैशन में भी निम्न छात्राओं ने पुरस्कार प्राप्त किये गए जिसमे ज्योति लोधी,प्रियांशी साहू साक्षी सेन सा संजना साहू ,अंजलि ख़ुशी पुरस्कार मिले.प्रदर्शिनी के विशिष्ट अतिथि के रूप मे श्रीमती मृदु बाला प्रधान विशिष्ठ व्याख्याता जिला शिक्षा प्रशिक्षण एव संस्थान अधिकारी व श्रीमान हुकुम चंद सूर्यवंशी प्राचार्य हायर सेकण्डरी स्कूल गुलाबगंज और ऋषिकेश शर्मा प्राचार्य हायर सेकण्डरी स्कूल सोठिया उपस्थित रहे. प्रदर्शिनी में अतिथि श्रीमती कुसुम तोमर ने प्रदर्शिनी को देखकर यह कहा कि इन शानदार आर्ट्स वर्क विदिशा में पहली बार देखने को मिला है व सभी छात्र/ छात्राओं को व्यवसिक शिक्षा के लाभ बताये और शुभकामनायें भी दी.कार्यक्रम के अंत में संस्था की प्राचार्या ने सभी अतिथियो व छात्र छात्राओं का धन्यवाद दिया और कहा कि हम अपनी संस्कृति को बिना भूले ही व्यावसायिक शिक्षा का लाभ ले सकते है और नौकरी लेने वाले नहीं नौकरी देने वाले बन सकते है.




# वरिष्ठ नागरिक समाज की धरोहर-ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा सीएम राइज स्कूल गंजबासौदा एवं शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बासौदा में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और पीढ़ियों के मध्य स्नेह संवाद हेतु एक अखिल भारतीय अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया.जिसमें ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भारत में वृद्ध आबादी तेजी से बढ़ रही है और यह सिर्फ एक जनसांख्यिकीय परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य प्रणाली के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी चुनौती है. आँकड़े बताते हैं कि 2025 में लगभग 15.87 करोड़ लोग 60 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के हैं, जो कुल जनसंख्या का लगभग 11.1 प्रतिशत है. अनुमान है कि 2050 तक यह संख्या बढ़कर लगभग 32 करोड़ हो जाएगी, जो कुल जनसंख्या का लगभग 20त्न होगी. वृद्धों में अकेलेपन की स्थिति देखी गई है. इसका सीधा असर उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है. संयुक्त परिवारों के विघटन से लेकर युवा पीढ़ी के रोजगार हेतु शहरों में पलायन, शहरी जीवन की व्यस्तता और तकनीकी जीवनशैली ने बुजुर्गों को अकेलेपन और उपेक्षा की स्थिति में ला दिया है. ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि आज की सबसे बड़ी क्षति यह है कि बच्चे अपने दादा-दादी और नाना-नानी से अलग होते जा रहे हैं.यह दूरी केवल बुजुर्गों के लिए ही नहीं, बल्कि बच्चों के लिए भी हानिकारक सिद्ध हो रही है.जहाँ बुजुर्गों को अकेलेपन और उपेक्षा का सामना करना पड़ता है, वहीं बच्चों को अनुभव, परंपरा और नैतिक मूल्यों से वंचित रहना पड़ता है.वैज्ञानिक अध्ययनों से भी स्पष्ट हुआ है कि जिन बच्चों का जुड़ाव अपने दादा-दादी या नाना-नानी से होता है, उनकी भावनात्मक स्थिरता और सामाजिक समझ अधिक होती है.

नि:शुल्क सेवा
- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो रेडियो
84 35 250 250
प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए

**महोत्सव** — नौलखी मंदिर में पांच दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ

# गीता केवल ग्रंथ नहीं जीवन का मार्गदर्शन, संकट में प्रकाश और भ्रम में समाधान-शास्त्री

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, गीता केवल एक ग्रंथ नहीं, वह जीवन का मार्गदर्शन है, संकट में प्रकाश है और भ्रम में समाधान है. कुरुक्षेत्र की रणभूमि में 45 मिनट के इस दिव्य संवाद में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को भक्ति योग, ज्ञान योग, कर्म योग, प्रेम योग और दर्शन योग को एक सूत्र में पिरोकर गीता के रूप में मानवता को अनंत काल का ऐसा दीपक सौंपा जिसके प्रकाश से आज भारत ही नहीं, पूरी दुनिया को मार्गदर्शन मिल रहा है.**



गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में आयोजित हो रहे पांच दिवसीय प्रवचन श्रृंखला में भागवताचार्य, गीता मर्मज्ञ भगवान प्रसाद जी शास्त्री मानस रत्न ने गीता जयंती महोत्सव में आयोजित हो रहे पांच दिवसीय प्रवचन की श्रृंखला में प्रथम दिन गुरुवार को धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए.शास्त्री जी ने कहा कि जब जीवन की परिस्थितियाँ अत्यंत विषम हों, जब मनुष्य का हृदय टूटने लगे और दिशा धुंधली पड़ जाए तभी भगवान श्रीकृष्ण की वाणी के रूप में गीता जीवन में नया प्रकाश जगाती है. अर्जुन की व्याकुलता केवल युद्ध की चिंता नहीं थी, वह मानव मन का संकट था और जब मनुष्य टूटता है, तभी गीता जन्म लेती है.भगवान श्रीकृष्ण के मुख से निकला हर शब्द आज भी उतना ही ताज़ा, उतना ही जीवंत है, प्रासंगिक है मानो अभी-अभी बोला गया हो, कर्म करो, फल की चिंता मत करो, यह केवल उपदेश नहीं, जीवन का आधार है. अपने कर्तव्य पर अडिग रहो, यह केवल नीति नहीं, अस्तित्व का सार है. उन्होंने कहा कि जब कृष्ण ने अपना ब्रह्म स्वरूप प्रकट किया, तब अर्जुन की आँखों से मोह का अंधकार मिट गया और कर्तव्य का उदय हुआ. यह प्रसंग याद दिलाता है कि ईश्वर केवल मंदिर में नहीं, बल्कि सृष्टि के प्रत्येक कण में विद्यमान है.विराट रूप के वर्णन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया. प्रवचन का शुभारंभ नौलखी खालसा परंपरा के सिद्ध संत बाबा बैकुंठवासी बाबा जगन्नाथ दास जी महाराज के चित्र के समक्ष माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ. कार्यक्रम में सनातन धर्म सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश माथुर, वरिष्ठ समाजसेवी कांति भाई शाह, मनोज अग्रवाल, देवेंद्र वर्मा, हरिओम भावसार, मनोज अग्रवाल, सुरेश तनवानी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे.

### धर्मनगरी में गीता जयंती महोत्सव का 34 वां साल

धर्मनगरी में आध्यात्मिक चेतना जगाने वाला गीता जयंती का यह महोत्सव लगातार 34 साल से दिव्य उत्साह और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है.श्री सनातन धर्म सेवा समिति के तत्वावधान में 1 दिसंबर तक के.सी. तिवारी (पूर्व मार्केटिंग समिति प्रबंधक) द्वारा अपनी धर्मपत्नी श्रीमती स्व. शांति देवी तिवारी की पुण्य स्मृति में संपन्न कराया जा रहा है. समिति ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत गीता पर विशेष प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 तक आयोजित किया है.



## न्यायालय में मनाया संविधान दिवस

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,** न्यायालय परिसर में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश कुरवाई आंनद गौतम एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट निशा कुरील, न्यायाधीशगण की उपस्थिति में न्यायालयीन कर्मचारियों के बीच संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया तथा राष्ट्रीय गान हुआ.

इस अवसर पर शासकीय अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह, एडीपीओ सतीश गौतम तथा न्यायालय के कर्मचारी मौजूद थे. सविधान दिवस के आयोजन के पश्चात लोक सेवा केंद्र कुरवाई एवं जनपद कार्यालय कुरवाई, तहसील कार्यालय कुरवाई नागरिकों को 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु पेम्पलेट बाटे गए.

ट्रिनिटी कान्वेंट सी . से . स्कूल विदिशा (म .प्र)
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं एडमिशन

सत्र 2026-27 नर्सरी में प्रवेश हेतु दिनांक 29 नवम्बर 2025 को दोपहर 3.30 बजे से (संख्या पूरी होने तक) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराये जा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की पावती में दिए गए दिनांक व समय के अनुसार पावती एवं अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति के साथ विद्यालय के ऑफिस में जमा किये जावेंगे। उपरोक्त समयावधि के पश्चात पावती जमा नहीं की जावेगी।

जानकारी निम्मानुसार है :-
1. ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन द्वारा रजिस्टर्ड बच्चों का चयन लॉट सिस्टम द्वारा किया जावेगा।
2. एक बच्चे का एक से अधिक बार रजिस्ट्रेशन किये जाने पर आवेदनों को निरस्त किया जावेगा।
3. पैनल ऑफ मैनेजिंग समिति सदस्यों एवं प्रतिनिधि पालकगण, प्रशासनिक एवं शिक्षा विभाग के सम्मानीय सदस्यों की उपस्तिथि में लॉट निकाला जावेगा।
4. ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करते समय अपने बच्चे के सभी आवश्यक दस्तावेज साथ में रखें।
5. एडमिशन के सम्बन्ध में अन्य परिस्तिथि में अंतिम निर्णय प्राचार्या का होगा।

(इच्छुक छात्रों की संख्या अधिक होने से व विद्यालय में सीमित स्थान होन के कारण यह निर्णय लिया गया है)

रजिस्ट्रेशन वेबसाइट - www.trinityvidisha.com

प्राचार्या
ट्रिनिटी कान्वेंट सी . से . स्कूल, विदिशा (म .प्र)